भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 819**
09/02/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

चक्रवाती विक्षोभ के विरूद्ध तटीय क्षेत्र के लिए योजना

819. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में चक्रवाती विक्षोभ के कारण हुई मानवीय और आर्थिक क्षति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार ने नीति आयोग के इस आंकड़े को ध्यान में रखते हुए कि भारत की 14 प्रतिशत आबादी देश के तटीय क्षेत्रों में रहती है, तटीय क्षेत्रों और बस्तियों के लिए योजना बनाने हेतु एक विशेषज्ञों के मंच का गठन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(**क**) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में चक्रवाती विक्षोभ के कारण मानवीय क्षति का राज्य-वार विवरण राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB), गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया है जिसका विवरण अनुलग्नक- I में दिया गया है।

(**ख**) भारत सरकार ने देश में चक्रवात जोखिमों को दूर करने की दृष्टि से राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना (NCRMP) शुरू की है। परियोजना का समग्र उद्देश्य भारत के तटीय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में चक्रवातों के प्रभाव को कम करने के लिए उपयुक्त संरचनात्मक और गैर-संरचनात्मक उपाय करना है। गृह मंत्रालय (MHA) के तत्वावधान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ,भागीदारी कर रही राज्य सरकारों और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (NIDM) के समन्वय में परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। परियोजना ने संवेदनशीलता के विभिन्न स्तरों के साथ 13 चक्रवात संभावित राज्यों और संघ राज्यों की पहचान की है। चक्रवात की आवृत्ति, जनसंख्या के आकार और आपदा प्रबंधन हेतु मौजूदा संस्थागत तंत्र के आधार पर इन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

अनुलग्नक - I

**2011-2020 के दौरान चक्रवात के कारण दुर्घटना में हुई मौतों की राज्य/संघ राज्य-वार संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8 | 12 | 8 | 41 | 0 | 3 | 1 | 7 | 0 | 3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 0 | 6 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | बिहार | 22 | 5 | 1 | 1 | 0 | 4 | 5 | 3 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 6 | 2 | 7 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 8 | हरियाणा | 6 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 2 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 0 |
| 11 | कर्नाटक | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 12 | केरल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 113 | 1 | 0 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 4 | 6 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | महाराष्ट्र | 3 | 1 | 6 | 2 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 15 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 16 | मेघालय | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओड़िशा | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 14 | 0 |
| 20 | पंजाब | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 21 | राजस्थान | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 10 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 6 | 95 | 0 | 0 |
| 24 | तेलंगाना # | - | - | - | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 40 | 11 | 18 | 7 | 13 | 0 | 3 | 5 | 11 | 0 |
| 27 | उत्तराखंड | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 |
| | **कुल राज्य** | **107** | **47** | **52** | **62** | **15** | **15** | **133** | **124** | **33** | **35** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव @ + | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | जम्मू और कश्मीर @ * | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 34 | लद्दाख @ | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र (S)** | **10** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **2** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **117** | **47** | **52** | **62** | **15** | **15** | **133** | **125** | **33** | **37** |

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार

स्रोत: भारत में दुर्घटनावश मौतें और आत्महत्या

'+' 2011-2019 के दौरान पूर्ववर्ती दादरा व नगर हवेली और दमन एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र का संयुक्त डेटा

'*' 2011-2019 के दौरान लद्दाख सहित जम्मू और कश्मीर राज्य का डेटा

'#' 2014 के दौरान नव निर्मित राज्य का डेटा

'@' नवनिर्मित संघ राज्य क्षेत्र 2020 का डेटा

******